TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें

teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

Teachers of Bihar

The change makers

दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

09 अप्रैल

1. **राहुल सांस्कृत्यायन का जन्म–** राहुल सांस्कृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल, 1893 ई. को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के पंदाहा में हुआ था। उनका मूल नाम केदार पांडे था। राहुल जी का पूरा जीवन यात्राओं, अध्ययन और लेखन को समर्पित रहा। उन्होंने दर्शन, साहित्य, इतिहास, भाषा, संस्कृति और धर्म तमाम क्षेत्रों में हिन्दी में अपने लेखन जारी रखा। राहुल सांस्कृत्यायन को 'महापंडित' की उपाधि दी जाती है तथा 'हिन्दी यात्रा साहित्य के पितामह' माने जाते हैं। उन्हें 1958 ई0 में साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा 1953 ई. में भारत सरकार के पद्म भूषण अलंकरण से सम्मानित किया गया। 14 अप्रैल, 1963 को दार्जिलिंग में इनका निधन हुआ था।
2. **अलीवर्दी खान की मृत्यु–** बंगाल के चौथे नवाब अलीवर्दी खाँ का 9 अप्रैल, 1756ई. को मृत्यु के बाद उसका दामाद सिराजुद्दौला बंगाल का नवाब बना। सिराजुद्दौला ने कलकत्ता का नया नाम अलीनगर कर दिया था।

T
u
e
s
d
a
y

/teachersofbihar

Madhu priya

Teachers of Bihar

The change makers

दिवस विशेष

9 अप्रैल

मधु प्रिया

राहुलसांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल

राहुल सांकृत्यायन का जन्म उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के पंदहा गाँव में 9 अप्रैल 1893 को हुआ था। उनके बाल्यकाल का नाम केदारनाथ पाण्डेय था। उनके पिता गोवर्धन पाण्डेय एक धार्मिक विचारों वाले किसान थे। सांकृत्यायन जिन्हें महापंडित की उपाधि दी जाती है, हिंदी के एक प्रमुख साहित्यकार थे। वे एक प्रतिष्ठित बहुभाषाविद् थे और बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में उन्होंने यात्रा वृतांत/यात्रा साहित्य तथा विश्व-दर्शन के क्षेत्र में साहित्यिक योगदान किए। वह हिंदी यात्रासाहित्य के पितामह कहे जाते हैं। बौद्ध धर्म पर उनका शोध हिंदी साहित्य में युगान्तरकारी माना जाता है, जिसके लिए उन्होंने तिब्बत से लेकर श्रीलंका तक भ्रमण किया था। इसके अलावा उन्होंने मध्य-एशिया तथा कॉकेशस भ्रमण पर भी यात्रा वृतांत लिखे जो साहित्यिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं।राहुल सांकृत्यायन की 'कृतियां',कहानी संग्रह - कनैला की कथा, सतमी के बच्चे, बहुरंगी मधुपुरी, वोल्गा से गङ्गा आदि। आत्मकथा - मेरी जीवन यात्रा। धर्म और दर्शन - बौद्ध दर्शन,, दर्शन दिग्दर्शन, धम्मपद, बुद्धचर्या , मज्झिमनिकाय आदि।14 अप्रैल 1963 वाराणसी, उत्तर प्रदेश, में इनकी मृत्यु हो गई।

जयंती विशेष 09 अप्रैल

राकेश कुमार

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन (जन्म- 9 अप्रैल, 1893; मृत्यु- 14 अप्रैल, 1963) को हिन्दी यात्रा साहित्य का जनक माना जाता है। वे एक प्रतिष्ठित बहुभाषाविद थे और 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में उन्होंने यात्रा वृतांत तथा विश्व-दर्शन के क्षेत्र में साहित्यिक योगदान किए। बौद्ध धर्म पर उनका शोध हिन्दी साहित्य में युगान्तरकारी माना जाता है, जिसके लिए उन्होंने तिब्बत से लेकर श्रीलंका तक भ्रमण किया था।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 09.04.2024

रोग

रोग अर्थात अस्वस्थ होना। यह चिकित्साविज्ञान का मूलभूत संकल्पना है। प्रायः शरीर के पूर्णरूपेण कार्य करने में किसी प्रकार की कमी होना 'रोग' कहलाता है। जिस व्यक्ति को रोग होता है उसे 'रोगी' कहते हैं। हिन्दी में 'रोग' को 'बीमारी' , 'रुग्णता', 'व्याधि' और 'विकार' भी कहते हैं।

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar

डेनमार्क में एक असफल **मिसाइल टेस्ट** के चलते देश में मौजूद दुनिया के सबसे **व्यस्त शिपिंग लेन** को बंद कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, **मिसाइल डिएक्टिवेट** नहीं हो पा रहा, और किसी भी वक्त यह **मिसाइल** कहीं भी **लॉन्च** हो सकता है।

आईपीएल में पहली बार का इतिहास:

आईपीएल की पहली गेंद फेकने वाले खिलाड़ी	प्रवीण कुमार
पहली गेंद खेलने वाले खिलाड़ी	सौरव गांगुली
पहला विकेट	जहीर खान
पहला छक्का	ब्रेंडन मैकुलम
पहला शतक	ब्रेंडन मैकुलम
पहले उभरते खिलाड़ी का अवार्ड	श्रीवत्स गोस्वामी
पहला ऑरेंज कैप	शॉन मार्श
पहला पर्पल कैप	सोहेल तनवीर
पहला इम्पैक्ट प्लेयर	तुषार देशपांडे

आईपीएल इतिहास का पहला शतक:

आईपीएल इतिहास का पहला शतक आईपीएल के दूसरे सीजन में न्यूजीलैंड के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम ने जड़ा था. मैकुलम 2009 सीज़न में शतक बनाने वाले दो खिलाड़ियों में से एक थे.

'महापंडित' की उपाधि से सम्मानित, हिंदी के प्रमुख साहित्यकारों में से एक

राहुल सांकृत्यायन

जी की जयंती पर सादर नमन।



जन्म- 9 अप्रैल 1893

मृत्यु- 14 अप्रैल 1963

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

/teachersofbihar

Madhu priya

जयंती विशेष

09 अप्रैल 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

जीवन समयबद्ध है इसे व्यर्थ न कीजिए।

राहुल सांकृत्यायन

(**साहित्यकार**)

जन्म: 09 अप्रैल 1893 मृत्यु: 14 अप्रैल 1963

राकेश कुमार